# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–17 अक्टूबर 2024 सान्ध्य समाचार

भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए टिकट आरक्षण के नियमों में बदलाव करते हुए एडवांस आरक्षण की समय सीमा घटा दी है। अब एक सौ बीस दिन के बजाए सिर्फ साठ दिन पहले ही आरक्षित टिकट बुक किया जा सकेगा। नया नियम एक नवंबर दो हजार चौबीस से लागू होगा। हालांकि एक सौ बीस दिनों के तहत इक्तीस अक्टूबर दो हजार चौबीस तक की गई सभी बुकिंग वैध रहेगी। इस संबंध में रेलवे बोर्ड के निदेशक संजय मूनचा ने आदेश जारी कर दिया है। नया नियम विदेशों से आने वाले पर्यटकों के लिए मान्य नही होगा। वे यात्रा के तीन सौ पैसठ दिन पहले अपने टिकटों की बुकिंग करा सकते हैं।

**********

मूर्ति विसर्जन के दौरान बहराइच में हुई हिंसा के बाद आरोपियों और पुलिस के बीच आज हुई मुठभेड़ में दो आरोपियों के पैर में गोली लगी है। कुल पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के बाद बहराइच की एसपी वृन्दा शुक्ला ने बताया कि पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है जिनमे से दो आरोपी गोली से घायल हैं। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी नेपाल भागने की फिराक में थे।

**********

प्रदेश के बरेली–बदायूं राष्ट्रीय राज्यमार्ग का चौड़ीकरण कर अब फोरलेन बनाया जाएगा। एक हजार पांच सौ सत्ताइस करोड़ रूपये की लागत वाली इस परियोजना को स्वीकृति मिल गयी है। केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर यह जानकारी साझा करते हुए लिखा है कि यह परियोजना बरेली और बदायूं के बीच यात्रियों की आवा जाही को सुविधाजनक बनाएगी और इन दोनों शहरों के बीच यात्रा के समय को कम करेगी। इसके अलावा यह परियोजना बरेली और मथुरा के बीच कनेक्टिविटी को बढ़ायेगी और पूरे क्षेत्र को आर्थिक वृद्धि और विकास को बढ़ावा देगी।

**********

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग ने सत्ताइस अक्टूबर दो हजार चौबीस को आयोजित होनी वाली सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा दो हजार चौबीस को स्थगित कर दिया है। लोकसेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक हर्ष देव पाण्डेय के मुताबिक अब इस परीक्षा के आगामी दिसंबर माह के मध्य तक आयोजित होने की उम्मीद है। जल्द ही परीक्षा के आयोजन की तिथि व कार्यक्रम के संबंध में अभ्यर्थियों को अवगत करा दिया जाएगा।

**********

वाल्मीकि जयंती के अवसर पर आज प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मंदिरों में श्रीराम चरितमानस पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन, कीर्तन कराये जा रहे हैं। महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली चित्रकूट के लालापुर में महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रमों का शुभारम्भ हुआ। जो शाम तक जारी रहा। इस दौरान वाल्मीकि रामायण पाठ, लवकुशं प्रसंग और पूजन हवन के साथ भजन के भी कार्यक्रम आयोजित हुए।

**********

वाराणसी का संम्पूर्णानंद स्पोर्टस कॉम्पलेक्स अब खेलों के आयोजन के लिए पूरी तरह तैयार हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बीस अक्टूबर को इसके दूसरे और तीसरे चरण का उद्घाटन करेंगे। इस स्पोर्टस कॉम्पलेक्स में नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के साथ एक सौ अस्सी बेड का हॉस्टल, एथलेटिक ट्रैक, फुटबॉल और क्रिकेट मैदान के साथ ही लॉन टेनिस कोर्ट भी है। सम्पूर्णानंद स्पोर्टस कॉम्पलेक्स के पहले चरण का उद्घाटन प्रधानमंत्री के हाथों पहले ही हो चुका है।

**********

गोरखपुर जिले के रामगढ़ताल में बाइस से छब्बीस अक्टूबर दो हजार चौबीस तक पचीसवीं सब जूनियर राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशीप का आयोजन होगा। इस प्रतियोगिता में बीस प्रदेशों की टीमें शामिल होगीं। प्रतियोगिता के बालक और बालिका वर्ग मे कुल दो सौ चालीस खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश चन्द्र यादव प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे, जबकि समापन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे।

**********

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड–बीसीसीआई की सीनियर महिला टी–20 प्रतियोगिता के ग्रुप डी के मुकाबले आज से लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में शुरू हुए। सुबह सिक्किम और त्रिपुरा के बीच इकाना के मुख्य मैदान में खेले गये मैच में त्रिपुरा ने बहत्तर रनों से जीत दर्ज की। वहीं बी ग्राउंड पर हिमाचल प्रदेश और केरल के बीच हुए मुकाबले में हिमाचल प्रदेश की टीम ने आठ विकेट से जीत हासिल की।

**********

मथुरा जिले के कोसीकला थानाक्षेत्र में आज सुबह हुए सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गयी। इनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक तेज रफ्तार पिकप के बिजली के खम्भे से टकरा जाने से यह घटना हुई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने पांच लोगों को मृत बताया, जबकि घायलों का इलाज चल रहा है।

**********